दैनिक
# जयवर्द्धन

पत्र पंजीयन संख्या RJBIL/26/A5478

पेज 4 पर पढ़े - – जिला कारागृह में भावुक रहा रक्षाबंधन



वर्ष - 01 | अंक - 37 | राजसमंद - शनिवार, 29 अगस्त 2026 | मूल्य - 2 रुपया | मो.- 96729 80901 | पृष्ठ - 4

## निकाय चुनाव के लिए नामांकन शुरू : 31 अगस्त तक भर सकेंगे फॉर्म

**- 1 सितम्बर को नामांकन पत्रों की होगी जांच, 4 को मिलेगा चुनाव चिन्ह**

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिले की पांच निकायों के 155 वार्डों में नगरीय निकाय आम चुनाव 2026 को लेकर गुरुवार से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही चुनाव में भाग लेने वाले उम्मीदवार सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय में अपने नाम निर्देशन पत्र जमा कर सकेंगे। नामांकन पत्र जमा करने के लिए निर्वाचन विभाग की ओर से तय तिथि के बाद अब केवल दो दिन बचे हैं। उम्मीदवार 29 और 31 अगस्त को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। क्योंकि 30 अगस्त को रविवार के चलते अवकाश होने से नामांकन नहीं हो सकेंगे। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 1 सितंबर को नामांकन पत्रों की संवीक्षा होगी। इसके बाद 3 सितंबर को दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। 4 सितंबर को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। वहीं जिले में मतदान दो चरणों में होगा। प्रथम चरण में नाथद्वारा एवं आमेट पालिका का मतदान 9 सितंबर और दूसरे चरण में नगर परिषद राजसमंद, देवगढ़ व वनगठीत भीम नगर पालिका में मतदान 11 सितंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक कराया जाएगा। दोनों चरणों की मतगणना 14 सितंबर को होगी। ऐसे में शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के साथ राजसमंद जिले में निकाय चुनाव की राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की उम्मीद है।

### कल का रहेगा अवकाश

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अवकाश के कारण रविवार को नामांकन नहीं लिए जाएंगे। इससे पहले शनिवार एवं सामेवार 31 अगस्त तक ही उम्मीदवारों को अपने नाम निर्देशन पत्र जमा कर सकेंगे। वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी (जिला कलेक्टर) अरूण कुमार हसीजा ने उम्मीदवारों से नामांकन पत्र भरते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र के उपबंध-1 में शपथ पत्र 50 रुपए के नोटराइज्ड स्टाम्प पेपर पर दो स्वप्रमाणित या हस्ताक्षरित फोटो प्रतियों के साथ प्रस्तुत करना होगा।

### चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को ये चाहिए दस्तावे

जिला कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि उपबंध-1 में केवल मांगी गई सूचनाएं भरनी हैं और इसके साथ दस्तावेज संलग्न नहीं करने हैं। उम्मीदवारों को प्रत्येक कॉलम सावधानी से भरना होगा। कोई भी कॉलम खाली नहीं छोड़ा जा सकता। यदि किसी कॉलम की जानकारी लागू नहीं है तो वहां नियमानुसार शून्य या लागू नहीं अंकित करना होगा। नामांकन के लिए उम्मीदवारों को आधार कार्ड, प्रतिभूति राशि जमा कराने की रसीद, फोटो और अन्य जरूरी दस्तावेज पहले से तैयार रखने की सलाह दी गई है। आरक्षित वार्ड से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को जाति प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा सांख्यिकी फॉर्म को भी पूरी तरह भरना अनिवार्य है और उसमें मोबाइल तथा व्हाट्सऐप नंबर दर्ज करना होगा। नामांकन फॉर्म के साथ निर्धारित प्रारूप का शपथपत्र नोटरी से सत्यापित करवाकर लगाना जरूरी है। अधिकारियों ने उम्मीदवारों को अंतिम दिन तक इंतजार नहीं करने की सलाह दी है। 31 अगस्त को दोपहर 3 बजे तक ही नामांकन पत्र स्वीकार किए जाएंगे।

## विधायक माहेश्वरी ने किए श्रीचारभुजानाथ के दर्शन



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने गढ़बोर स्थित प्रसिद्ध आराध्य देव श्रीचारभुजानाथ महाराज के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना करते हुए प्रभु का आशीर्वाद लिया। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली राजस्थान सरकार द्वारा जनहित एवं विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का सीधा लाभ आमजन तक पहुंच रहा है। विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए सरकार निरंतर नए आयाम स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि राजसमंद विधानसभा सहित पूरे जिले में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, नगरीय विकास तथा आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों से आमजन में सकारात्मक वातावरण बना है। हाल के महीनों में क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की गतिविधियां सामने आई हैं।

विधायक माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा केवल चुनाव लड़ने वाला राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि सेवा, सुशासन और विकास के संकल्प के साथ जनता के बीच कार्य करने वाला संगठन है। श्रीचारभुजानाथ के चरणों में शीश नवाकर विधायक ने क्षेत्र की उन्नति, शांति और समृद्धि की कामना की तथा कार्यकर्ताओं एवं आमजन से आगामी चुनावों में मजबूत समर्थन देने का आह्वान किया। इस दौरान पूर्व प्रधान अरविंद सिंह, गोपाल गुर्जर, सुभाष पालीवाल, मुकेश जोशी, राजकुमार अग्रवाल, सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## भाई की कलाई पर सजा रेशम का अटूट धाग : बहनों ने मांगी दीर्घायु तो भाइयों ने दिया सुरक्षा का वचन

**- रक्षाबंधन पर श्रीनाथजी, द्वारकाधीश व चारभुजानाथ के दरबार में बंधा रक्षासूत्र**





जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** भाई एवं बहन के प्यार का त्यौहार रक्षा बंधन पर्व शुक्रवार को जिले में उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। दिनभर शुभ मुहूर्त में भाई की दीर्घायु की कामना को लेकर बहनों ने श्रद्धा व स्नेह से परम्परा अनुसार मूंह मीठा करवा कलाई पर राखी बांधी। बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा वहीं भाईयों ने श्रद्धानुसार उन्हें उपहार भेंट किए। इस दौरान बाजार में मिठाई, उपहार व कपड़े की दूकानों पर काफी भीड़ रही। अल सुबह से ही बहने अपने भाईयों को रखी बांधने के लिए पहुंची। जिला कलेक्टर अरूण कुमार हसीजा को उनके आवास पर राजिविका की बहन ने उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर दिर्गायु की कामना की। दूरस्थ शहरों में रहने वाली एवं प्रवासी बहनों डाक व कोरियर के माध्यम से अपने भाईयों को राखियां भेजी। वहीं रिश्तेदारों व परिचितों के मोबाईल पर सोशल मीडिया एवं एसएमएस के जरिए रक्षा बंधन की शुभकामनाओं के संदेश की भी दिनभर भरमार रही। रक्षा बंधन के पर्व को लेकर शहर में श्रीफल, राखियों एवं मिठाईयों के अलावा गिफ्ट कार्नर व कपड़ा मार्केट में भी काफी भीड़ रही। बाजारों में मिठाईयों प्रतिष्ठानों के बाहर सुबह से ही काउण्टर लगा दिए गए जहां दिनभर मिठाई खरीदने के लिए भीड़ लगी रही। मावें की मिठाई के अलवा सूखे मेवे, सोहन पपड़ी, लड्डू, जलेबी, मालपुए आदि सजाए गए। जिले के सुप्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक मंदिरों में रक्षाबंधन का पर्व सनातन परंपराओं और भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया। नाथद्वारा स्थित प्रभु श्रीनाथजी मंदिर, कांकरोली के पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रभु द्वारकाधीश मंदिर तथा गढ़बोर के प्रसिद्ध श्रीचारभुजानाथजी मंदिर में प्रभु को मनमोहक राखियां अर्पित की गई। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष श्रृंगार एवं झांकियों के दर्शन कराए गए।

### लम्बी उम्र के साथ भाई से मांगा सुरक्षा का वचन

रक्षाबंधन पर्व पर शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाई की कलाई पर प्रेम और स्नेह से रक्षासूत्र बांधकर लम्बी उम्र की कामना के साथ सुरक्षा का वचन लिया। इस दौरान भाई का मुंह मीठा करवा कर नारियल और केले दिए। भाई ने भी बहन को तोहफा दिया। त्योहार को देखते हुए बाजार में रौनक नजर आई। खासतौर से नया बजार व रामधुन गली के अलावा सर्राफा बाजार में दिनभर महिलाओं की खासा भीड़ रही। यहां बहनें दिनभर खरीदारी करती रही। रंग-बिरंगी पोशाकों में सजी-धजी विवाहित बहनें भाई के घर पहुंची और राखी बांधी। दूरदराज से आई बहन भी एक दिन पूर्व ही भाई के घर पहुंच गई।

### नारियल से लेकर सजी मिठाई की दुकान, सब व्यापारी रहे व्यस्त

त्योहार को देखते हुए राखियों के साथ नारियल का बाजार भी खूब चमका। जगह-जगह सड़क किनारे हाथ ठेलों पर नारियल रखे थे। मिठाई की दुकानों पर भी दिनभर भीड़ रही। बहन ने पहले भाई के माथे पर तिलक और चावल लगाया। उसके बाद राख बांधी कर आरती उतारी। मुंह मीठा करवा कर नारियल और केले हाथ में थमाए। ससुराल में रह रही बहने भी अपने मायके समय से पहुंची और भाई को रेशमी डोर बांधी। बदले में भाई ने गिफ्ट दिया।

### नकद की जगह ऑनलाइन भेंट

कई भाई-बहन रक्षाबंधन पर अलग-अलग शहरों में होने के कारण नहीं मिल सके। ऐसे में बहनों ने पहले ही बाय पोस्ट राखियां भेजी। वहीं भाइयों ने ऑनलाइन भेंट राशि उन्हें सेंड की। इधर, कई भाइयों ने बहनों को लिफाफे नहीं देकर ऑनलाइन पेमेंट किया। रक्षाबंधन का पर्व कई परिवारों ने एक ही समय पर एक ही घर में एकत्रित होकर मनाया। इस दौरान एक साथ कुटुंब की दो से तीन पीढ़ियां एकत्रित हुई और एक साथ बैठकर राखी बांधी गई। इससे रक्षाबंधन पर्व का उल्लास काफी बढ़ गया। बच्चों में खासा उत्साह दिखाई दिया। कलाई पर विभिन्न कार्टून करेक्टर, लाइटों वाली, डिजिटल राखियां बंधवाई। इन राखियों के फीचर सभी को दिखाने के साथ ही खूब आनंद उठाया। बड़ों ने बच्चों को भी नकद राशि और चॉकलेट आदि दिए। रक्षा बंधन पर्व पर राखी बंधवाने के बाद बहनों को भाई ने उपहार दिए।

## दो दिन तक जिस कमरे में सोते रहे परिजन, उसी के बक्से में मिलीं दंपती की लाशें; ‘दृश्यम’ जैसा प्लान बनाकर किया डबल मर्डर



जयवर्द्धन न्यूज़

**उदयपुर।** सायरा थाना क्षेत्र के पुनावली गांव में बुजुर्ग दंपती लहरीलाल पालीवाल और उनकी पत्नी राधा देवी के ब्लाइंड डबल मर्डर का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। दोनों की लाशें उनके ही घर में बिस्तर रखने वाले बड़े बक्से में पॉलिथीन से लिपटी हुई मिली थीं। हैरानी की बात यह रही कि परिजन दो दिन तक इसी घर में रहे, लेकिन उन्हें बक्से में छिपे शवों का पता नहीं चला।

पुलिस के मुताबिक आरोपियों को जानकारी थी कि लहरीलाल ब्याज पर रुपए उधार देते थे और बुजुर्ग दंपती घर में अकेले रहते थे। इसी को देखते हुए आरोपियों ने पहले जन्मपत्री दिखाने के बहाने घर में प्रवेश किया। गांव के दो युवकों ने दंपती के साथ खाना खाया और उनके घर के रूटीन की जानकारी जुटाई। इसके बाद अपने साथियों को बुलाकर वारदात को अंजाम दिया गया।

### कुशल पालीवाल था मुख्य सूत्रधार

जिला पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि यह पूरी तरह ब्लाइंड मर्डर था और पुलिस के सामने आरोपियों तक पहुंचना बड़ी चुनौती थी। करीब 12 दिन की लगातार जांच के बाद पुलिस ने मामले का खुलासा किया। वारदात में कुल 6 आरोपियों की भूमिका सामने आई है, जिनमें से 5 को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक आरोपी की तलाश जारी है।मुख्य सूत्रधार कुशल पालीवाल मूल रूप से पुनावली गांव का रहने वाला है और उसका परिवार लंबे समय से सूरत में रहता है। उसके साथ चंदन यादव, दिलीप चौधरी, विकास, जीवन और किशन की भूमिका सामने आई है।

### सूरत में दोस्ती, कर्ज ने बनाया अपराध का प्लान

पुलिस जांच में सामने आया कि कुशल की सूरत में चंदन, विकास और दिलीप से जिम के दौरान दोस्ती हुई थी। सभी आपस में काफी घुले-मिले थे और महंगी जिंदगी जीने के आदी थे। इन पर काफी कर्ज भी था और पैसों की जरूरत के चलते वे बड़ी रकम हासिल करने का मौका तलाश रहे थे।

कुशल जब पुनावली आया तो उसे पता चला कि लहरीलाल पालीवाल ब्याज पर रुपए उधार देते हैं और उनके पास बड़ी रकम हो सकती है। इसके बाद उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर दंपती को निशाना बनाने की साजिश रची।

## जयवर्द्धन सम्पादकीय

### नए युग का उपनिवेशवाद

पिछले दिनों एक विश्वविद्यालय में मैंने छात्रों से पूछा कि दिन भर में रील्स देखने में उनका कितना समय जाता है? अधिकांश छात्रों ने कहा औसतन दो से चार घंटे, लेकिन एक छात्र का उत्तर भीतर तक उतर गया। उसने कहा, 'सर, पता ही नहीं चलता। अंगूठा अपने आप चलता रहता है।'

यही समस्या का सार है कि करोड़ों युवा रोज घंटों वह देख रहे हैं, जिसे देखने का निर्णय उन्होंने स्वयं नहीं लिया। यह अकेला किस्सा नहीं है। बेन एंड कंपनी के अध्ययन के अनुसार लगभग 60 करोड़ भारतीय शार्ट वीडियो देखते हैं और सक्रिय उपयोगकर्ता रोज 55 से 60 मिनट इन पर बिताते हैं।

यदि 60 करोड़ लोग रोज एक घंटा भी दें तो हम हर दिन लगभग 68 हजार वर्षों के बराबर मानवीय-समय अंगूठे से स्क्राल करने में झोंक रहे हैं। जिस देश की आधी आबादी 25 वर्ष से कम हो, वहां यह स्वाभाविक रूप से राष्ट्रीय उत्पादकता और मानसिक स्वास्थ्य का एक ज्वलंत प्रश्न बन जाता है।

विज्ञान इस चिंता की पुष्टि करता है। हर 15-30 सेकंड में बदलती रील मस्तिष्क को भावनाओं के झूले पर बिठा देती है। एक क्षण हंसी, अगले क्षण क्रोध, फिर संगीत, फिर कुछ त्रासदी। मनोविज्ञानी इसे भावनात्मक 'माइक्रो-शाक' कहते हैं, जिसमें डोपामिन तंत्र जुए की मशीन की तरह बार-बार उत्तेजित होता है। चीन की झेजियांग यूनिवर्सिटी के एफएमआरआई अध्ययन के अनुसार ये रील्स मस्तिष्क के लत से जुड़े केंद्रों को सक्रिय कर आत्म-नियंत्रण कमजोर करती हैं। प्रोफेसर ग्लोरिया मार्क के शोध के अनुसार स्क्रीन पर औसत ध्यान 2004 में ढाई मिनट था, जो अब मात्र 47 सेकंड रह गया है। जिस सभ्यता ने ध्यान और एकाग्रता को विज्ञान का दर्जा दिया, उसी की युवा पीढ़ी का ध्यान आज भटक-भटक कर नीलाम हो रहा है।

अब असल प्रश्न यही कि यह तय कौन करता है कि हमारे बच्चे क्या देखें? न बच्चा, न माता-पिता, न शिक्षक और न सरकार। यह निर्णय विदेशी सर्वरों पर बैठे एल्गोरिदम करते हैं, जिनका लक्ष्य है दर्शक को अधिकतम देर स्क्रीन से चिपकाए रखना। यहां उन रचनाकारों को नमन जरूरी है जो सार्थक कंटेंट गढ़ रहे हैं। कोई छोटे शहर से बच्चों को भौतिकी पढ़ा रहा है, तो कोई किसानों तक नई तकनीक पहुंचा रहा है। ये सच्चे राष्ट्र-निर्माता हैं, पर हमारी बड़ी चूक यह रही कि हमने बुद्धिमत्ता को नायकत्व नहीं दिया।

मंच और स्टारडम मनोरंजन को मिल रहा है, ज्ञान को नहीं। इसीलिए युवा उनकी ओर कम खिंचते हैं। डा. कलाम प्रमाण थे कि विज्ञानी भी युवाओं का महानायक बन सकता है, लेकिन ऐसी आवाज कितनों तक पहुंचेगी और किसे कमाई मिलेगी, यह वही एल्गोरिदम तय करता है, जो हमारे नियंत्रण से बाहर है। जब करोड़ों युवाओं का ध्यान और महत्वाकांक्षा विदेशी नियंता तय करें, तो यह भारतीय मन की पराधीनता ही है। यह नए युग का उपनिवेशवाद है।

# नव पदस्थापित प्रशासनिक अधिकारियों का साकेत साहित्य संस्थान ने किया स्वागत




राजसमंद। नव पदस्थापित एडीएम राजकुमार कस्वा एवं एसडीएम ओम प्रभा का स्वागत करते साकेत साहित्य संस्थान सदस्य।

जयवर्द्धन न्यूज़

राजसमंद। प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था साकेत साहित्य संस्थान द्वारा जिला मुख्यालय पर नव पदस्थापित अतिरिक्त जिला कलक्टर राजकुमार कस्वां तथा उपखंड अधिकारी ओम प्रभा का स्वागत किया गया। संस्थान पदाधिकारियों ने अधिकारियों को जिले में संचालित साहित्यिक व सामाजिक गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में सभाध्यक्ष दिनेश श्रीमाली ने प्रशासनिक समन्वय के साथ संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उपाध्यक्ष नारायणसिंह ने बताया कि संस्थान अब तक समसामयिक एवं जन-जागरूकता से जुड़े विषयों जैसे- मतदान जागरूकता, जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन, बाल विवाह रोकथाम, ड्राइवर, डॉक्टर, पुलिस, शिक्षक तथा महाराणा राजसिंह पर केंद्रित 31 पुस्तकों का प्रकाशन कर चुका है। महासचिव कमल अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में जिले की सभी 12 तहसीलों और उदयपुर जिले में संस्थान की शाखाएं सक्रिय रूप से पठन, लेखन और आयोजनों का कार्य कर रही हैं।

इसके अतिरिक्त डिजिटल माध्यम से 15 व्हाट्सएप ग्रुपों के जरिए 7 हजार से अधिक पाठक व साहित्यकार आपस में जुड़े हुए हैं। एडीएम कस्वां ने साकेत की गतिविधियों की सराहना की और सामाजिक जागरूकता के अभियानों में प्रशासन के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया। एसडीएम प्रभा ने कहा कि जिला स्तर पर इतने व्यापक स्तर पर साहित्यिक आयोजन, मासिक गोष्ठियां और जन-जागरूकता पर पुस्तकों का सम्पादन सराहनीय एवं सुखद पहल है। इस दौरान सलाहकार डॉ संपतलाल रैगर, राधेश्याम राणा, छगनलाल प्रजापत, गोष्ठी प्रभारी कुसुम अग्रवाल तथा जिला साहित्य प्रमुख सहित अनेक सदस्य मौजूद थे।

# गायत्री साधकों ने दश स्नान, हेमाद्रि संकल्प और राजसमंद झील पूजन के साथ मनाया श्रावणी महापर्व



राजसमंद। झील के नौ चौकी तट पर दश स्नान, हेमाद्रि संकल्प और झील पूजन कर श्रावणी महापर्व मनाते साधक।

जयवर्द्धन न्यूज़

राजसमंद। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री साधकों द्वारा राजसमंद झील के ऐतिहासिक नौ चौकी तट पर दश स्नान, हेमाद्रि संकल्प, तर्पण, मार्जन और झील पूजन कर श्रावणी महापर्व पारंपरिक एवं धार्मिक गरिमा के साथ मनाया गया। गायत्री परिवार के पुष्कर जोन समन्वयक घनश्याम पालीवाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ षट्कर्म के पश्चात देव, ऋषि, तीर्थ एवं पितृ आह्वान के साथ हुआ। तत्पश्चात साधकों ने हेमाद्रि संकल्प लेकर जन्म-जन्मांतर के दोष निवारण की प्रार्थना की। इस दौरान भस्म, मृत्तिका, गोमय, गोमूत्र, हरिद्रा, घृत, दुग्ध, दधि कुशा तथा मधु से दश स्नान व मार्जन कर देवों, ऋषियों, शहीदों और पितरों का तर्पण किया गया। इसके बाद विधि-विधान से यज्ञोपवीत परिवर्तन का कर्मकांड संपन्न हुआ। साधकों ने झील के पूर्ण भराव की कामना करते हुए झील का पंचामृत अभिषेक एवं पूजन किया। यज्ञाचार्य गिरजाशंकर पालीवाल के निर्देशन में आयोजित हवन में गणेश, गौरी, गायत्री, त्रिदेव, वरुण, इंद्र एवं नवग्रह की आहुतियां समर्पित की गईं। पर्व मीमांसा करते हुए पालीवाल ने कहा कि श्रावणी उपाकर्म जल, जंगल और जमीन की रक्षा का दायित्व बोध कराता है। जीव जगत के कल्याण में लगे प्रत्येक साधक को अपनी विप्र वृत्ति को मजबूत करने के लिए इस संकल्प का अवलंबन करना चाहिए। इस दौरान गायत्री शक्तिपीठ प्रबंध न्यासी भंवरलाल पालीवाल, नाथुलाल कुमावत, शंकरलाल पुरोहित, दिनेश श्रीमाली, श्यामसुंदर नंदवाना, मोहनलाल गुर्जर, विष्णु पुरोहित, नानालाल गुर्जर, मुकेश श्रीमाली, संजय पालीवाल, विजय पालीवाल, युगल, राजेश पालीवाल, कृपाशंकर और प्रवीण पालीवाल सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राजीविका ब्रांड एम्बेसडर ने जिला कलक्टर हसीजा को बांधा रक्षा सूत्र

## - राजीविका की बहनों का कलक्टर भाई



राजसमंद। रक्षाबंधन पर राजीविका राजसमंद परिवार की 1 लाख महिलाओं की ओर से जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा की कलाई पर रक्षासूत्र बांधती राजीविका ब्रांड एम्बेसडर सरिता कंवर।

जयवर्द्धन न्यूज़

राजसमंद। रक्षाबंधन पर राजीविका राजसमंद परिवार की 1 लाख महिलाओं की ओर से जिले की ब्रांड एम्बेसडर सरिता कंवर ने जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा को रक्षा सूत्र बांधा। इस अवसर पर उन्होंने राजीविका परिवार की बहनों की ओर से जिला कलक्टर को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं तथा सामाजिक सरोकारों और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में राजीविका की महिलाओं की सहभागिता को रेखांकित किया। कलक्टर हसीजा ने इस आत्मीय अवसर पर राजीविका परिवार की सभी महिलाओं के लिए कहा कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता और सशक्तीकरण समाज की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार है। राजीविका से जुड़ी महिलाएं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त होने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। जिला कलक्टर ने राजीविका की बहनों को जीवन में निरंतर आगे बढ़ने, आत्मविश्वास के साथ नए अवसरों का लाभ उठाने तथा अपने परिवार एवं समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की मेहनत, आत्मविश्वास और सामूहिक प्रयासों से विकास के नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं।

इस अवसर पर राजीविका परिवार की ओर से रक्षाबंधन के पर्व को महिला सशक्तीकरण, आत्मीयता और सामाजिक सहभागिता के भाव के साथ मनाया गया।

# चचेरे भाई ने 1.50 लाख में बहन को बेचा, 5 दिन तक बंधक बनाकर दुष्कर्म

जयवर्द्धन न्यूज़

उदयपुर। ग्रामीण थाना क्षेत्र में एक शादीशुदा युवती को उसके ही चचेरे भाई द्वारा 1.50 लाख रुपए में अहमदाबाद में बेचने का मामला सामने आया है। आरोप है कि चचेरा भाई युवती को बहला-फुसलाकर अहमदाबाद ले गया और वहां फैक्ट्री कर्मचारी के हाथों उसका सौदा कर दिया। इसके बाद आरोपी रुपए लेकर गांव लौट आया।

### 5 दिन तक कमरे में बंधक रखा

अहमदाबाद में युवती को खरीदने वाले युवक ने उसे अपने कमरे में 5 दिन तक बंधक बनाकर रखा और दुष्कर्म किया। आरोपी ने युवती को किसी को बताने या पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता किसी तरह 25 अगस्त को आरोपी के चंगुल से निकलकर गांव पहुंची और परिजनों को पूरी घटना बताई।

परिजनों ने 26 अगस्त की रात करीब 8:30 बजे थाने में मामला दर्ज कराया।

### चचेरे भाई से पूछताछ, आरोपी की तलाश में जाएगी टीम

थानाधिकारी गोपाल सिंह मीणा ने बताया कि 19 अगस्त को पीड़िता का चचेरा भाई ही उसे अहमदाबाद लेकर गया था, जहां उसे 1.50 लाख रुपए में बेचने का आरोप है। पुलिस ने चचेरे भाई से पूछताछ शुरू कर दी है। पीड़िता के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। वहीं, अहमदाबाद में फैक्ट्री कर्मचारी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम भेजी जाएगी। पुलिस मामले की पूरी जांच करते हुए दोनों आरोपियों की भूमिका की पड़ताल कर रही है।

# युवक की मौत पर 3 घंटे प्रदर्शन, 30 लाख मुआवजे पर बनी सहमति

जयवर्द्धन न्यूज़

उदयपुर। खेरोदा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-48 पर बस हादसे में युवक की मौत के बाद गुरुवार को परिजनों और समाज के लोगों ने एमबी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में करीब तीन घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया। पुलिस की मौजूदगी में बडाला इंडई कंपनी के प्रतिनिधियों और परिजनों के बीच हुई वार्ता के बाद 30 लाख रुपए मुआवजे पर सहमति बनी, जिसके बाद धरना समाप्त किया गया।

सहमति बनने के बाद परिजन शव के पोस्टमॉर्टम के लिए राजी हुए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक भगवानलाल डांगी, शोभागपुरा निवासी, पिछले कई वर्षों से बडाला इंडई शोभागपुरा में ड्राइवर के रूप में काम कर रहा था। बुधवार को एक कार छोड़ने के बाद वह बस से उदयपुर लौट रहा था। इसी दौरान मेनार डाक बंगला के पास तेज रफ्तार बस ओवरटेक करते समय ट्रेलर से जा भिड़ी।

हादसा इतना भीषण था कि बस की छत और कंडक्टर साइड का हिस्सा पूरी तरह उखड़ गया। शीशे और



खिड़कियां टूटकर बिखर गईं। हादसे में एक महिला सहित तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि करीब एक दर्जन यात्री घायल हुए थे।

# सेवा पखवाडा के तहत मातृशक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित, बहनों ने सांसद व विधायक को बांधा रक्षा सूत्र

जयवर्द्धन न्यूज



**चित्तौड़गढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस सेवा पखवाड़ा के तहत गुरुवार को भान फोर्ट पेलेस रिसोर्ट में मातृ शक्ति वंदन कार्यक्रम सांसद सी पी जोशी के मुख्य आतिथ्य व विधायक चंद्रभान सिंह आक्या की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह राठौड़, भदेसर निवर्तमान प्रधान सुशीला कंवर व भोपाल सागर के पूर्व प्रधान हेमेन्द्र सिंह राणावत थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विधानसभा क्षेत्र चित्तौड़गढ़ की महिलाओ ने सहभागिता की तथा सांसद जोशी व विधायक आक्या की कलाई पर रक्षा सुत्र बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते की परपंरा को आत्मीयता के साथ निभाया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में सांसद जोशी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा महिलाओ को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने तथा उन्हे आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। मातृ शक्ति का सम्मान और उनका सशक्तिकरण नए भारत की मजबूत नींव है। प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर सेवा पखवाड़े के माध्यम से समाजसेवा और जनकल्याण का संकल्प लेना हम सभी के लिए प्रेरणादायी है।

विधायक आक्या ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की महिलाओ के सम्मान और आत्मनिर्भरता को नई दिशा मिली है। मातृशक्ति परिवार, समाज और राष्ट्र की शक्ति है। समाज और राष्ट्र के विकास मे महिलाओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाओ को आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराना तथा उनके सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होने क्षेत्र की बहनो को रक्षाबंधन की शुभकामना देते हुए कहा की रक्षाबंधन पर्व भाई-बहन के बीच स्नेह, विश्वास, सम्मान और सुरक्षा के संकल्प का प्रतीक है। कार्यक्रम को पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह राठौड़, भदेसर निवर्तमान प्रधान सुशीला कंवर व भोपाल सागर के पूर्व प्रधान हेमेन्द्र सिंह राणावत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान बुजुर्ग महिलाओं को शॉल व उपरना ओढाकर उनका अभिनन्दन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओ ने सांसद जोशी, विधायक आक्या व अन्य अतिथियो को रक्षासुत्र बांधकर उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। सांसद व विधायक ने भी सभी बहनो को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख दुख में सदैव साथ खड़े रहने का संकल्प दोहराया।

# विशेष अभियान में चित्तौड़गढ़ पुलिस का बड़ा एक्शन, 99 वांछित अपराधी गिरफ्तार

जयवर्द्धन न्यूज

**चित्तौड़गढ़।** राज्य में कानून-व्यवस्था मजबूत करने एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 20 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक चलाए गए विशेष अभियान में चित्तौड़गढ़ जिला पुलिस ने अपराधियों, मादक पदार्थ तस्करों, साइबर ठगों, अवैध हथियार एवं खनन माफिया के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान 99 वांछित/संगठित अपराधियों सहित 13 इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

## वांछित अपराधियों पर शिकंजा

अभियान में 107 अपराधियों को चिन्हित किया गया, जिनमें से 99 को गिरफ्तार किया गया। धारा 107, 111 एवं 112 बीएनएस के तहत क्रमशः 6, 11 एवं 37 कार्रवाई की गई तथा 21 अन्य निरोधात्मक कार्रवाई की गई। कुल 75 कार्रवाई के साथ 4 हार्डकोर अपराधियों की बेल खारिज करवाई गई।

## नशे के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार

एनडीपीएस एक्ट के तहत 36 प्रकरण दर्ज कर 75 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 3,482.966 किलो डोडाचूरा, 96.01 ग्राम स्मैक, 22.120 किलो गांजा एवं 59.37 ग्राम एमडी बरामद की। धारा 68-एफ में 24 कार्रवाई करते हुए 9,75,79,678 रुपये की संपत्ति फ्रीज कराई गई।

## अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई

अभियान में अवैध हथियारों के 9 प्रकरण दर्ज कर 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कुल 11 अवैध फायर आर्म्स एवं 60 एम्युनेशन जब्त किए गए।

## साइबर ठगी पर प्रभावी वार

साइबर अपराध के 14 प्रकरण दर्ज किए गए। 3 हॉटस्पॉट चिन्हित कर 37 रेड की गई और 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में 57,75,379 रुपये फ्रीज कराए गए तथा 19,72,259 रुपये पीड़ितों को वापस दिलाए गए।

## अवैध खनन पर कार्रवाई

पुलिस एवं खनन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में 17 प्रकरण दर्ज कर 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। 46 ट्रैक्टर, 19 डम्पर, 1 जेसीबी, 1 कार, 1 मोटरसाइकिल एवं 1 ट्रेलर जब्त किए गए। 651 टन रेत, 120 टन मिट्टी और 13 टन अवैध पत्थर जब्त कर 13,86,800 रुपये जुर्माना वसूला गया।

## नाकाबंदी में 11,209 यातायात कार्रवाई

अभियान में 877 स्थानों पर नाकाबंदी कर 21,830 दुपहिया और 18,843 चौपहिया वाहनों की जांच की गई। शराब पीकर वाहन चलाने के 221, बिना हेलमेट 1,188, तीन सवारी 599, वाहन चलाते समय मोबाइल के 127, नंबर प्लेट संबंधी 1,156, काली फिल्म के 1,267 तथा अन्य एमवी एक्ट के 6,651 मामलों में कार्रवाई की गई। कुल 11,209 कार्रवाई की गई।

यातायात कार्रवाई में तेज गति के 2,208 मामलों में 22.08 लाख, शराब पीकर वाहन चलाने पर 221 मामलों में 1.61 लाख, हेलमेट नहीं पहनने पर 1,145 मामलों में 11.11 लाख, क्षमता से अधिक सवारी पर 1,136 मामलों में 1.36 लाख तथा अन्य मामलों में 18.14 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया।

## नाकाबंदी में नशे और शराब की बरामदगी

नाकाबंदी के दौरान 66.78 ग्राम एमडीएमए, 1.260 किलो अफीम, 96.01 ग्राम स्मैक, 2,577.737 किलो डोडाचूरा, 4.177 किलो गांजा एवं 35 ग्राम चरस बरामद की गई। साथ ही 146 टिन बीयर, 6,319 बोतल अंग्रेजी शराब, 60 बोतल कच्ची शराब एवं 115 बोतल देशी शराब जब्त की गई। 8 धारदार हथियार, 4 पिस्टल एवं 9 कारतूस भी जब्त किए गए।

## सोशल मीडिया और महिला अपराधों पर भी नजर

सोशल मीडिया पर 38 आपत्तिजनक पोस्ट चिन्हित कर हटवाई गई। 5 प्रकरण दर्ज कर 23 व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गई और 12 को गिरफ्तार किया गया। महिला अपराधों के 100 प्रकरण दर्ज किए गए तथा कुल 299 प्रकरणों में कार्रवाई की गई। महिला सुरक्षा को लेकर 701 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## पुलिस-जन सहभागिता

जिले के 29 पुलिस थानों में सीएलजी की 53 बैठकें आयोजित की गईं। इनमें वृत्ताधिकारियों ने 53, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने 8 तथा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने 9 बैठकों में भाग लिया। पुलिस अधीक्षक ने 33 बैठकों के विवरण की समीक्षा की।

# 'रक्षा का वचन' अभियान के तहत जिलेभर के पुलिस थानों में आयोजित हुए कार्यक्रम





जयवर्द्धन न्यूज

**चित्तौड़गढ़।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं में पुलिस के प्रति सुरक्षा एवं विश्वास की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने तथा पुलिस एवं आमजन के मध्य बेहतर समन्वय एवं आत्मीयता स्थापित करने के उद्देश्य से 'रक्षा का वचन' अभियान के तहत जिलेभर में रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के तहत जिले के सभी पुलिस थानों एवं पुलिस इकाइयों में महिलाओं एवं बालिकाओं को आमंत्रित कर पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को राखी बंधवाई गई। इस दौरान पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सहायता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने भी महिलाओं एवं बालिकाओं से राखी बंधवाई तथा उन्हें रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सहायता के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि पुलिस सदैव उनकी सुरक्षा एवं सहायता के लिए तत्पर है। गुरुवार को गोल प्याऊ पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह जोधा, पुलिस उपाधीक्षक बृजेश सिंह, उदय सिंह सहित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गोल प्याऊ पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से राखी बंधवाई।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कहा कि पुलिस सदैव उनकी सुरक्षा एवं सहायता के लिए तत्पर है। महिलाओं एवं बालिकाओं ने भी पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को राखी बांधकर पुलिस के प्रति विश्वास एवं आत्मीयता व्यक्त की।

'रक्षा का वचन' अभियान के माध्यम से जिलेभर में पुलिस एवं आमजन के बीच विश्वास, सहयोग एवं आत्मीयता को और मजबूत करने का संदेश दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### भील बस्ती में आनंदमार्ग सेवादल ने जरूरतमंद परिवार को पहुंचाई राशन सामग्री



कुंभलगढ़। बारिंड ग्राम स्थित भील बस्ती में जरूरतमंद परिवार को सहायता सामग्री प्रदान करते सेवादल सदस्य।

जयवर्द्धन न्यूज

**कुंभलगढ।** मानवीय सेवा संकल्प के तहत आनंदमार्ग सेवादल के सदस्यों ने गजपुर पंचायत अंतर्गत बारिंड ग्राम स्थित भील बस्ती में जरूरतमंद परिवार को सहायता सामग्री प्रदान की। भैरव भक्त के सहयोग से आयोजित इस सेवा कार्य के माध्यम से क्षेत्र में सहयोग और संवेदनशीलता का संदेश दिया गया। आनंदमार्ग सेवादल की सदस्य आनंदमयी, जया खिलनानी एवं कार्यकर्ता मुकेश साहू ने बस्ती निवासी कालूराम गमेती को राशन सामग्री तथा दैनिक उपयोग की वस्तुएं भेंट कीं। गौरतलब है कि कालूराम की आर्थिक स्थिति अत्यधिक दयनीय होने के कारण उनका जीवन-यापन चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। इसे देखते हुए आनंदमार्ग सेवादल की प्रेरणा से विभिन्न भामाशाहों के सहयोग से उन्हें पिछले लंबे समय से हर माह आवश्यक सहायता पहुंचाई जा रही है। सामग्री वितरण के दौरान संस्था सदस्यों ने बस्तीवासियों से बातचीत कर आपस में सुख-दुख साझा करने, मिल-जुलकर रहने और अपने आसपास के निर्धन परिवारों की यथासंभव मदद करने का आह्वान किया।

### देलवाड़ा सहित आसपास के गांवों में उल्लास से मनाया रक्षाबंधन का पर्व



जयवर्द्धन न्यूज

**देलवाड़ा।** कस्बे सहित आसपास के संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों में भाई-बहन के पवित्र स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व शुक्रवार को पारंपरिक श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही बहनों ने सज-धज कर अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और उनकी कलाई पर रेशमी राखियां बांधकर लंबी उम्र की कामना की।

बदले में भाइयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें मनपसंद उपहार भेंट किए। त्यौहार के चलते देलवाड़ा के मुख्य बाजारों में सुबह से ही गहमागहमी का माहौल रहा। राखियों तथा मिठाई की दुकानों पर खरीदारी के लिए भाई-बहनों की भारी भीड़ उमड़ी। क्षेत्र में दो दिनों तक चलने वाले इस उत्सव के अंतर्गत दूसरे दिन विभिन्न समाजों में ठंडी राखी का त्यौहार परंपरा अनुसार हर्षोल्लास एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ मनाया जा रहा है।

### दर्पण के हिंडोला में बिराजे प्रभु श्रीद्वारकाधीश

- श्रीमस्तक पर पाग और हाथों में रक्षासूत्र धराकर किया श्रृंगार

जयवर्द्धन न्यूज



**राजसमंद।** श्रीपुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ कांकरोली स्थित प्रभु श्री द्वारकाधीश मंदिर में श्रावणी पूर्णिमा पर प्रभु के स्वरूप को विशेष श्रृंगार धराया गया, वहीं सायंकाल रतन चौक में प्रभु दर्पण के भव्य हिंडोला में बिराजित होकर भक्तों को दर्शन दिए। रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर प्रभु श्रीद्वारकाधीश के मस्तक पर नींबूआई छज्जेदार पाग, तापे सादा चंद्रिका, नींबूआई बड़ा पिछोड़ा तथा लाल ठाड़े वस्त्र धराए गए। साथ ही प्रभु को फिरोजी मीना के आभरण तथा वनमाला से अलंकृत किया गया। पर्व के विशेष श्रृंगार के दर्शन प्रातः सवा नौ बजे खुले, जो सवा दस बजे तक अनवरत चलते रहे। इस दौरान मंदिर प्रांगण में मधुर स्वर में बैंड वादन होता रहा, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रृंगार दर्शन के दौरान ही प्रभु द्वारकाधीश के चतुर्भुज हाथों पर परंपरा अनुसार रक्षासूत्र रखाई गई। इसके साथ ही मंदिर में जन्माष्टमी की बड़ी बधाई भी बैठी। दर्शनों के मध्य गोस्वामी संजीव कुमार महाराज, मुखिया, सहायक मुखिया, भीतरिया एवं सहायक भीतरिया ने प्रभु के सन्मुख सोने व चांदी के झुनझुने बजाकर तथा विभिन्न प्रकार के काष्ठ खिलौनों से बाल लीला का भरपूर आनंद दिलाते हुए प्रभु को रिझाया। पर्व के अवसर पर मुख्य कीर्तनकारों ने अष्टछाप कवि छीतस्वामी के प्रसिद्ध पद का गान किया। राखी धरें तो माता जशोदा राखी बांधती बल अरु श्री गोपाल के, कंचन थार अच्छत करत देत न्यौछावर वारत मुक्त माल के... का गान कर प्रभु को रिझाया। उत्थापन के दर्शन के पश्चात प्रभु को भोग समर्पित किया गया। इसके बाद मंदिर के रतन चौक में विशेष रूप से तैयार किए गए चांदी और दर्पण से सुसज्जित भव्य हिंडोला में प्रभु द्वारकाधीश को बिराजित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

# दादा गुरु अजरामर स्वामी का 212वां जन्मोत्सव आज से

- 108 तेला तप और जप-तप के साथ मनेगा तीन दिवसीय महोत्सव

जयवर्द्धन न्यूज़



राजसमंद। श्रीवर्धमान स्थानक वासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में दादा गुरु अजरामर महाराज का 212वां जन्मोत्सव शनिवार, रविवार और 31 अगस्त को तीन दिवसीय तेला तप महोत्सव के रूप में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन स्थानीय महावीर भवन में साध्वी महिमा महाराज, तेजस महाराज, हंस महाराज एवं सुवासिनी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होगा। संघ प्रचार-प्रसार मंत्री भैरूलाल हिंगड़ ने बताया कि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिनों तक विशेष जप, तप और सामायिक के कार्यक्रम होंगे। इस दौरान 212 मिनट का विशेष अखंड जाप आयोजित किया जाएगा, जिसमें साध्वी वृंद द्वारा दादा गुरु अजरामर महाराज के जीवन चरित्र, व्यक्तित्व और उनके द्वारा दिए गए संदेशों पर प्रकाश डाला जाएगा। संघ अध्यक्ष कैलास तलेसरा ने बताया कि जन्मोत्सव को खास बनाने के लिए श्रावक-श्राविकाओं द्वारा 108 तेला तप का सामूहिक अनुष्ठान किया जाएगा। महोत्सव के समापन पर तेला तप का सामूहिक पारना एवं स्वामीवात्सल्य का आयोजन रखा गया है।

# आचार्य जिला संगठन मंत्री और खंडेलवाल बनीं महिला संगठन मंत्री





जयवर्द्धन न्यूज़

राजसमंद। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा जिला संगठन मंत्रियों की घोषणा की गई है। जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह चारण ने बताया कि जिले में सतीश आचार्य को जिला संगठन मंत्री तथा कल्पना खंडेलवाल को जिला महिला संगठन मंत्री मनोनीत किया। मनोनयन पर महासंघ जिलाध्यक्ष शंकर माली सहित स्थानीय पदाधिकारियों ने हर्ष जताया। पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों ही संगठन मंत्री के नेतृत्व में संगठन जिले में शिक्षक हित, छात्र हित तथा राष्ट्र हित की दिशा में नए आयाम स्थापित करेगा और महासंघ की गतिविधियों को अधिक गति प्रदान करेगा।

# ज्ञानशाला दिवस पर कांकरोली में कल निकलेगी ज्ञानार्थी रैली


### सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का होगा आयोजन

जयवर्द्धन न्यूज़

राजसमंद। तेरापंथ सभा संस्थान कांकरोली द्वारा रविवार को ज्ञानशाला दिवस धार्मिक गरिमा और सांस्कृतिक वातावरण के साथ मनाया जाएगा। नई पीढ़ी में उच्च नैतिक संस्कार, अनुशासन, धार्मिक चेतना और समृद्ध तेरापंथ परंपरा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित वार्षिक समारोह को लेकर ज्ञानशाला के ज्ञानार्थियों, प्रशिक्षिका बहनों एवं समूचे जैन समाज में उत्साह है। आयोजकों ने बताया कि समारोह का शुभारंभ सुबह 9 बजे एक अनुशासित ज्ञानार्थी रैली के साथ होगा। अपनी निर्धारित गणवेश में सुसज्जित सैकड़ों बच्चे प्रज्ञा विहार के बाहर मुख्य मोड़ से रैली की शुरुआत करेंगे। यह रैली विभिन्न धार्मिक व संस्कारित नारों के साथ आगे बढ़ती हुई प्रज्ञा विहार प्रांगण पहुंचकर संपन्न होगी। रैली के माध्यम से बच्चों में सामूहिकता, संगठन और सामाजिक मूल्यों का संदेश दिया जाएगा। रैली के प्रज्ञा विहार प्रांगण पहुंचने के बाद कांकरोली क्षेत्र की दोनों प्रमुख ज्ञानशालाओं के प्रतिभावान ज्ञानार्थियों द्वारा रंगारंग एवं भावपूर्ण धार्मिक-सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बाल कलाकार जैन दर्शन, नैतिक मूल्यों, महापुरुषों के जीवन प्रसंगों और तेरापंथ की गौरवशाली परंपराओं को मंच पर जीवंत करेंगे। बच्चों की कलात्मक अभिव्यक्ति और धार्मिक निष्ठा उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। समारोह के मुख्य चरण में हाल ही में आयोजित हुई शिशु संस्कार बोध परीक्षा के परिणामों की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी ज्ञानार्थियों को स्मृति चिह्न, पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों का मानना है कि इस तरह के प्रोत्साहन से बच्चों में धार्मिक अध्ययन, स्वाध्याय और संस्कार निर्माण के प्रति निरंतर रुचि बनी रहती है। तेरापंथ सभा संस्थान पदाधिकारियों ने सभी ज्ञानार्थी बच्चों और प्रशिक्षिका बहनों से निर्धारित गणवेश में समयानुसार उपस्थित होने की अपील की है। समाज के सभी गणमान्य नागरिकों, श्रद्धालुओं और युवाओं को इस धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन में शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए सादर आमंत्रित किया गया है।

# जिला कारागृह में भावुक रहा रक्षाबंधन : जेल में निरूद्ध बंदियों की बहनों ने भाइयों की कलाइयों पर नम आंखों से बांधी राखी

- राखी पर भाई के घर पहुंचने की रही जल्दबाजी - स्टैंड पर बस लगते ही रोडवेज होती रही फूल



राजसमंद। जिला कारागृह में सजायाफ्त निरूद्ध बंदी भाई की कलाई पर सलाखों की आड़ में राखी बांधती बहनें।




राजसमंद। राज्य सरकार की ओर से महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की सौगात के चलते रोडवेज बसों में चढ़ने की होड़ मचाते यात्री।

## बहनों ने की रोडवेज में मुफ्त यात्रा

जयवर्द्धन न्यूज़

राजसमंद। राखी के त्यौहार पर अपने भाई के घर पहुंचने के लिए राज्य सरकार की ओर से महिलाओं को रोडवेज बसों में निःशुल्क सफर कराया गया जिसके तहत शुक्रवार अल सुबह से ही रोडवेज बसों में महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। रक्षा बंधन के त्यौहार को लेकर राखी के एक दिन पूर्व से लेकर राखी के दूसरे दिन तक आवाजाही के लिए राज्य सरकार की ओर से रोडवेज की सभी श्रेणियों की बसों में फ्री यात्रा करने की घोषणा की है। सरकार की ओर से दी गई महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की सौगात के चलते रोडवेज बसों में बहनों ने मुफ्त की यात्रा का लाभ उठाया। इसके चलते अतिरिक्त बसों के बाद भी बसों में भारी भीड़ रही। महिलाओं और बालिकाओं के लिए प्रदेश में निःशुल्क रोडवेज बस सेवा होने से उनकी संख्या ज्यादा दिखी। बस में जगह नहीं होने से कई जगह तो बच्चों और सामान को खिड़कियों से निकालने का नजारा भी दिखाई पड़ा। रोडवेज की मुफ्त सेवा होने के कारण हर उम्र की महिलाएं देव दर्शन को भी गई। रक्षा बंधन पर महिलाओं को अधिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की ओर से अतिरिक्त बसें चलाई गई। जिसमें राज्य सरकार के आदेशानुसार राखी के त्यौहार पर महिलाओं व बालिकाओं के लिए निगम की सभी बसों का संचालन निःशुल्क रहा। पलभर में ओवरलोड, खड़े-खड़े यात्रा स्टैंड पर बस लगते ही पलभर में ओवरलोड हो गई। सीट पर बैठने को लेकर कशमकश में मुख्य गेट पर भीड़ होने पर कई महिलाओं ने चालक साइड से बस में प्रवेश किया तो किसी ने खिड़की से घुसने की कोशिश की। हर बस में महिलाओं की भीड़ देखी गई। कई महिलाओं ने खड़े-खड़े तक यात्रा की। जरूरत होने पर अतिरिक्त बसें रवाना की गई। उधरए बसों में महिलाओं से टिकट का पैसा नहीं लिया गया। इसके लि पहले से परिचालकों को पाबंद कर रखा था।

## जेल में बंद बंदियों की बहनों ने भाइयों की कलाइयों पर नम आंखों से बांधी राखी

रक्षा बंधन का पर्व शुक्रवार को पूरे प्रदेश भर में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ में मनाया जा रहा है। यही कारण है कि जिला मुख्यालय स्थित कारागृह प्रशासन ने भी इसे लेकर विशेष व्यवस्था की है। रक्षा बंधन पर जेल प्रशासन की ओर से बहनों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जिला कारागृह में नम आंखों से बहनों ने अपने भाइयों को राखी बांधी और उनके लंबी उम्र की कामना के साथ ही अपराध की गलियां छोड़ कर फिर सामान्य जीवन व्यतीत करने की प्रभु से कामना की। इस अवसर पर लंबे समय के बाद अपने भाई का चेहरा देखकर कई बहनों की आंखों से खुशी के आंसू भी छलक पड़े। बहनों ने जेल प्रोटोकॉल के तहत जेल प्रांगण में अपने भाइयों की कलाई पर प्यार का रक्षा सूत्र बांधा मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा किया। वही भाइयों ने भी अपनी बहनों को अपराध की गलियां छोड़ सामान्य जीवन जीने का विश्वास दिलाया। जेल उपाधीक्षक भंवरसिंह के निर्देशन में डीप्टी जेलर करणसिंह, मुख्य प्रहरी गिरीराज यादव के नेतृत्व में महिला प्रकरी सुनिता, पुष्पा और आरएएसी हवलदार नरपतसिंह सहित जेल प्रशासन की ओर से इस अवसर पर बहनों को भाइयों से राखी बंधवाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए। क्षणिक आवेश में हुए अपराध की सजा काट रहे भाइयों की कलाई पर बहन ने रक्षा सूत्र बांधा तो दोनों की आंखें भर आई। बहनों ने इस मौके पर अपने भाई के रिहाई की दुआ भी मांगी। वहीं जेल की सलाखों के पीछे से भाइयों ने अपनी बहन के सुखी जीवन की कामना की।

## भाइयों ने अपराध व नशा छोड़ने का लिया संकल्प

इस बार रक्षाबंधन का पर्व राजसमंद जिला कारागृह में बेहद भावुक और यादगार पलों का गवाह बना। जेल उपाधीक्षक के निर्देशन में बहनों को अपने बंदी भाइयों की कलाई पर राखी बांधने का अवसर मिला। यह मुलाकातें बेहद मार्मिक रहीं। जैसे ही बहनें अपने कैदी भाइयों से मिलीं, कई की आंखें नम हो गई। राखी बांधते समय बहनों और भाइयों, दोनों की आंखों से आंसू छलक उठे। इस भावुक कर देने वाले माहौल में भाइयों ने अपनी बहनों के सामने यह दृढ़ संकल्प लिया कि वे भविष्य में न तो अपराध के रास्ते पर चलेंगे और न ही नशे के दलदल में दोबारा फंसेंगे।

# नगर निकाय आम चुनाव-2026: जिला कलक्टर ने बेगूं एवं रावतभाटा में मतदान केंद्रों एवं मतगणना स्थलों का किया निरीक्षण

सुरक्षा व्यवस्था, बिजली, बैकअप, साफ-सफाई एवं मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

जयवर्द्धन न्यूज़



चित्तौड़गढ़। नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने गुरुवार को रावतभाटा एवं बेगूं नगर पालिका क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केंद्रों एवं मतगणना स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर साफ-सफाई, पर्याप्त विद्युत आपूर्ति एवं बैकअप व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा मतदाताओं के लिए उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने बेगूं नगर पालिका क्षेत्र में पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बेगूं (पीपली चौराहा) स्थित मतदान केंद्र तथा विवेकानंद मॉडल स्कूल, बेगूं स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान एवं मतगणना से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों पर पानी, बिजली, रैंप, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर अंकित सामरिया, रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपखंड अधिकारी (बेगूं), तहसीलदार गोपाल जीनगर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इसी प्रकार जिला कलक्टर ने रावतभाटा नगर पालिका क्षेत्र के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रावतभाटा स्थित मतदान केंद्र एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान एवं मतगणना से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।

## 'एक पेड़ लोकतंत्र के नाम' अभियान के तहत किया पौधारोपण

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने 'एक पेड़ लोकतंत्र के नाम' अभियान के तहत रावतभाटा उपखंड कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधारोपण करने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण सुनिश्चित करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर कार्यवाहक अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी (रावतभाटा) कृति व्यास, पुलिस उप अधीक्षक, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक ललिता कुंवर के लिये मुद्रक वेदान्त प्रभाकर द्वारा मेधा कप्यूटर्स, नंद भवन, कांवाखेड़ा पार्क के पास, भीलवाड़ा से मुद्रित व ग्राम बागोटा, डाकघर सांगठकला जिला राजसमंद, राजस्थान - 313324 से प्रकाशित । संपादक - लक्ष्मण सिंह राठौड़ । पत्र पंजीयन संख्या आर.एन.आई. RJBIL/26/A5478। सभी प्रकार के प्रसंगो का न्याय क्षेत्र राजसमंद ही रहेगा ।